**COVID-19 VACCINE**
Public Health Advice



# 6 माह से 4 साल की उम्र के बच्चों के लिए कोमिरनेटी (फाईजर/BioNTech) टीका

## माता-पिता और अभिभावकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

संस्करण 2
8 मई 2023

Rialtas na hÉireann
Government of Ireland

## इस लीफलेट के बारे में

यह लीफलेट आपको 6 माह से 4 साल की उम्र के बच्चों के लिए कोविड-19 (कोरोनावायरस) टीके के बारे में बताता है।

इससे निम्नलिखित जानकारी मिलेगी:

- 6 माह से 4 साल के बच्चों में कोविड-19
- कोविड-19 टीका क्या है
- 6 माह से 4 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए टीकाकरण के लाभ
- 6 माह से 4 साल की उम्र के बच्चों के लिए टीकाकरण के जोखिम
- सुरक्षित टीका एवं इसके दुष्प्रभाव
- कोविड-19 टीका लगावाने के बाद क्या उम्मीद करें
- कोविड-19 टीका के लिए सहमति देना
- आपको अधिक जानकारी कहाँ मिल सकती है

इस लीफलेट को ध्यान से पढ़ें. इस इनफॉर्मेशन बूकलेट का हमारा उद्देश्य आपको अपने बच्चों को टीका लगवाने में एक सूचित निर्णय लेना आसान बनाना है। आप इस टीका के बारे में किसी पेशेवर स्वास्थ्यकर्मी (हेल्थकेयर प्रोफेशनल) से बात भी कर सकते हैं, जैसे कि आपके डॉक्टर या फार्मासिस्ट।

**आप भी कर सकते हैं:**

- **www.hse.ie/covid19vaccinePIL** पर उपलब्ध निर्माता का पेशेंट इनफॉर्मेशन लीफलेट पढ़ें
- HSE कॉमिक स्ट्रिप में 'मेरा COVID-19 टीका लेना' पढ़ें – यह आपके बच्चे के साथ पढ़ने के लिए उपयुक्त हो सकता है (कॉमिक स्ट्रिप की ओर इशारा करने वाला QR कोड इस लीफलेट के पीछे दिया हुआ है)
- **www.hse.ie पर उपलब्ध अधिक जानकारी पढ़ें**

## कोविड-19 के बारे में

कोविड-19 एक ऐसी बीमारी है जो फेफड़ों और वायुमार्ग और कभी-कभी शरीर के अन्य भागों को प्रभावित कर सकती है। यह कोरोनावायरस नामक वायरस के कारण होता है।

कोविड-19 अत्यधिक संक्रामक है। यह हवा के माध्यम से लोगों के खांसने या छींकने से उत्पन्न ड्रॉपलेट्स के जरिए फैलता है, या जब वे उन सतहों को छूते हैं जहां ड्रॉपलेट्स गिरी हों और फिर अपनी आंखों, नाक या मुंह को छूते हैं।

**कोविड-19 के सामान्य लक्षणों में शामिल हैं:**

- ठंड लगने के साथ बुखार (38 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक का तापमान)
- सूखी खांसी
- थकान

कोविड-19 के संपर्क में आने के बाद लक्षण दिखने में 14 दिन तक का समय लग सकता है। लक्षण सर्दी या फ्लू के समान हो सकते हैं। आपके बच्चे में ये सभी लक्षण नहीं भी हो या वे सामान्यतया कम अच्छा महसूस कर सकते हैं।

यदि आपके बच्चे में कोविड-19 के कोई लक्षण दिखते हों, तो उन्हें अच्छा महसूस होने के 48 घंटे बाद तक घर पर रखना चाहिए। यह देखने के लिए कि क्या उन्हें कोविड परीक्षण की आवश्यकता है, आप **www.hse.ie** देख सकते हैं।

कोविड-19 के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.HSE.ie/coronavirus पर जाएं या **1800 700 700** पर HSELive को कॉल करें।

## कोविड-19 और 6 माह से 4 साल की उम्र के बच्चे

इस आयु वर्ग के अधिकांश बच्चे जिन्हें कोविड-19 होता है, उनमें बहुत हल्के लक्षण होते हैं या फिर कोई लक्षण नहीं होते हैं।

कोविड-19 से बच्चों में गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु का कारण बन सकता है, लेकिन ऐसा बहुत कम होता है। यद्यपि इस आयु वर्ग के बच्चों का अस्पताल में भर्ती होने तथा गंभीर बीमारी का खतरा बहुत कम होता है, किन्तु, यह बड़े बच्चों की तुलना में अधिक होता है।

कभी-कभी, कोविड-19 से जुड़े लक्षण कुछ हफ्तों या महीनों तक बने रह सकते हैं। इसे 'लॉन्ग कोविड' कहा जाता है। वयस्कों की तुलना में बच्चों में इस स्थिति की जोखिम कम होती है।

कोविड-19 के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने का जोखिम कम है, और किसी भी बच्चे को गहन देखभाल में उपचार की जरूरत बहुत कम है।

कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों वाले बच्चों और युवाओं में गंभीर बीमारी होने का खतरा अधिक होता है। हालांकि, अस्पताल में दाखिल कोविड-19 वाले आधे से अधिक बच्चों में कोई अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थिति नहीं होती है।

शायद ही कभी, कोविड-19 बच्चों में मल्टीसिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम (MIS-C) की स्थिति पैदा कर सकता है।

यह स्थिति निमोनिया, हृदय की सूजन और सांस लेने में कठिनाई का कारण बनती है। MIS-C वाले अधिकांश बच्चे अस्पताल में या फिर गहन देखभाल के बाद ठीक हो जाते हैं लेकिन कुछ बच्चों में स्थायी दुष्प्रभाव होते हैं एवं मृत्यु दर बहुत कम हो सकती है।

## कोविड-19 टीका क्या है?

टीका एक ऐसा पदार्थ है जो किसी विशेष बीमारी के लिए प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) में सुधार कर सकती है। टीके इम्यून सिस्टम को सिखाते हैं कि लोगों को बीमारियों से कैसे बचाया जाए।

उपलब्ध साक्ष्य से पता चलता है कि कोविड-19 के टीका से आपके बच्चे को कोविड-19 से सुरक्षा मिलनी चाहिए। यदि बच्चों को टीका लगाया जाता है, तो इससे हमारे समुदाय में गंभीर रूप से बीमार होने या कोविड-19 से मरने वालों की संख्या को कम करने में भी मदद मिलेगी।

## मेरे बच्चे को कौन सा टीका दिया जा रहा है?

आपके बच्चे को जो टीका दिया जा रहा है, उसे कॉमिरनेटी (फाईजर/BioNTech) कहा जाता है।

यह एक mRNA टीका है जो आपके बच्चे के शरीर को प्रोटीन बनाना सीखाता है जो कोविड-19 का कारण बनने वाले जीवित विषाणु का उपयोग किए बिना इम्यून प्रतिक्रिया को शुरु कर देगा।

आपके बच्चे का शरीर तब एंटीबॉडी बनाता है जो भविष्य में कोविड-19 विषाणु को उनके शरीर में प्रवेश करने पर संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

टीकाकरण से पहले, आपको अपने बच्चे को टीका लगवाने के लिए सहमति देने के लिए कहा जाएगा और यह सहमति दर्ज की जाएगी।

## 6 माह से 4 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को टीका क्यों लगाया जा रहा है?

लोगों को टीका की पेशकश करने के पीछे हमारा उद्देश्य लोगों की रक्षा करना, इस विषाणु से होने वाली बीमारी और मौतों को कम करना है।

एक कोविड-19 टीका प्राप्त करने से आपके बच्चे और उनके आसपास के लोगों को कोविड-19 होने से बचाना चाहिए। हालांकि इस आयु वर्ग में कोविड-19 से गंभीर बीमारी दुर्लभ है, लेकिन अगर उन्हें टीका लगाया जाता है तो उनके कोविड-19 से गंभीर रूप से बीमार होने की संभावना भी कम होती है।

6 माह से 4 साल की उम्र के बच्चों के लिए कोविड-19 टीकों की सिफारिश नेशनल इम्यूनीजेशन एडवाइजरी कमिटी (NIAC) द्वारा की जाती है, जिनकी स्वास्थ्य स्थिति उन्हें कोविड-19 संक्रमित होने पर गंभीर बीमारी होने का अधिक खतरा है।

इस आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए, NIAC की सिफारिश है कि टीकाकरण से मिलने वाला लाभ टीके से होने वाले जोखिमों से अधिक हैं, अर्थात इस आयु वर्ग को टीका दिया जा सकता है।

लाभों में शामिल है- कोविड-19 से बचाव तथा इससे गंभीर बीमारी के दुर्लभ जोखिमों से अतिरिक्त सुरक्षा पाना। बच्चों का टीकाकरण कराने से घर में अन्य लोगों को कोविड संक्रमण के संचरण को कम कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, जिनका प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है। जिन बच्चों को टीका लगाया गया है, उनके कोविड-19 के कारण स्कूल और अन्य गतिविधियों के छूटने की संभावना कम होगी।

## क्या 6 माह से 4 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए टीका प्रभावी है?

कॉमिरनेटी (फाईजर/BioNTech) टीका के क्लिनिकल परीक्षण से पता चला है कि टीका की तीन खुराक लेने के बाद इस उम्र के बच्चों में कोविड-19 के संक्रमण को रोकने में प्रभावी था। वे लोग जिन्हें कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ सकती हों उनमें यह गंभीर बीमारी को रोकने में काफी प्रभावी है।

## क्या 6 माह से 4 साल तक के बच्चों के लिए टीका सुरक्षित है?

नेशनल इम्यूनीजेशन एडवाइजरी कमिटी ने सिफारिश की है कि 6 माह से 4 साल की उम्र के बच्चों को यह कोविड-19 वैक्सीन दी जानी चाहिए।

क्लिनिकल परीक्षण के रूप में 6 माह से 4 साल की उम्र के 3,000 से अधिक बच्चों सहित हजारों लोगों पर इस टीके का परीक्षण किया गया है। इस आयु वर्ग के बच्चों के लिए क्लिनिकल परीक्षण में कोई अतिरिक्त सुरक्षा चिंताओं की पहचान नहीं की गई।

इस टीके ने सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावशीलता के सख्त मानकों को भी पूरा किया है, और नियामकों द्वारा अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त है।

आयरलैंड के लिए, नियामक यूरोपियन मेडिसिन्स एजेंसी (EMA) है - अधिक जानकारी के लिए **www.ema.europa.eu** पर जाएं

उपयोग के लिए अनुमोदित होने के लिए, टीका को सभी नैदानिक परीक्षणों से गुजरना पड़ा और सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए अन्य सभी लाइसेंस प्राप्त दवाओं की तरह इसके सुरक्षित होने की जांच की गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा सभी कोविड -19 टीकों की सुरक्षा निगरानी की लगातार समीक्षा की जाती है।

जबकि कोविड -19 के टीके विकसित करने का काम सामान्य से बहुत तेजी गति से आगे बढ़ा है, हम आपके बच्चे को जो टीका दे रहे हैं, वह एक सुरक्षित और प्रभावी टीका को विकसित करने और स्वीकृत करने के लिए आवश्यक सभी मान्य चरणों से गुजरा है।

हम अभी भी इस आयु वर्ग में कोविड-19 टीकों की प्रभावशीलता और दुष्प्रभावों के बारे में सीख रहे हैं।

सभी दवाओं के दुष्प्रभाव होते हैं और इससे पहले कि आप अपने बच्चे को टीका लगाने के लिए सहमति दें, आपको इस पत्रक में इस टीके के ज्ञात सामान्य, दुर्लभ और बहुत दुर्लभ दुष्प्रभावों के बारे में पढ़ना चाहिए।

## मेरे बच्चे को पहले ही कोविड-19 हो चुका है, क्या उसे टीका लगाया जा सकता है?

यदि आपके बच्चे को कोविड-19 हुआ है, तो उसमें कुछ इम्यूनिटी होने की संभावना है।

भले ही आपके बच्चे को पहले से ही कोविड-19 हो चुका हो, फिर भी वे इससे फिर से संक्रमित हो सकता हैं। टीका लगाने से फिर से कोविड-19 संक्रमण होने का खतरा कम हो जाएगा।

## क्या मेरे बच्चे को बुखार होने पर कोविड-19 का टीका लगाया जा सकता है?

नहीं। यदि उसे बुखार (38 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक का तापमान) है, तो आपको तब तक टीका नहीं लगाना चाहिए जब तक कि वह बेहतर महसूस न करें।

## क्या टीका लगाने से मेरे बच्चे को कोविड-19 हो सकता है?

नहीं, कोविड-19 का टीका आपके बच्चे को कोविड-19 नहीं दे सकता। टीका लगवाने से पहले कोविड-19 से संक्रमित होना संभव है और टीकाकरण के बाद तक उनके लक्षणों का एहसास नहीं होता है।

यदि आपके बच्चे में कोविड-19 के कोई लक्षण हैं - या यदि उसे बुखार है जो टीका लेने उपरांत 2 दिनों के बाद शुरु होता है, या 2 दिनों से अधिक समय तक रहता है - तो उसके बेहतर महसूस होने के 48 घंटे बाद तक उन्हें सेल्फ आइसोलेशन में (घर पर रहना) रहना चाहिए। यह देखने के लिए कि क्या उन्हें कोविड-19 परीक्षण की आवश्यकता है, आप **www.hse.ie** देख सकते हैं।

## मेरे बच्चे का टीका लगाने वाला कौन है?

यह वह व्यक्ति है जो उन्हें टीका देता है। वे कोविड-19 का टीका देने के लिए HSE द्वारा प्रशिक्षित हैं।

## कोविड-19 टीका कैसे दिया जाता है?

कोविड-19 टीका आपके बच्चे की उम्र के आधार पर जांघ या ऊपरी बांह में इंजेक्शन के रूप में दी जाती है। इसमें कुछ ही मिनट लगेंगे।

## मेरे बच्चे को कोविड-19 टीका की कितनी खुराक की जरूरत होगी?

उन्हें कोविड-19 के खिलाफ बेहतर सुरक्षा के लिए फाईजर/BioNTech टीका की 3 खुराक की आवश्यकता होगी। आपके बच्चे को पहली खुराक के 3 सप्ताह बाद दूसरी खुराक दी जाएगी, इसके बाद दूसरी खुराक के 8 सप्ताह बाद तीसरी खुराक दी जाएगी।

## मेरे बच्चे को अभी कोविड-19 है, क्या उसे टीका लगाया जा सकता है?

यदि आपके बच्चे को COVID-19 है और उसके टीके की पहली खुराक बाकी है:

- पहली बार लक्षण विकसित होने या COVID-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण करने के 4 सप्ताह बाद उन्हें टीका लगाया जा सकता है। यद्यपि, टीके को अधिक से अधिक प्रभावी होने के लिए, 6 महीने इंतजार करने की सलाह दी जाती है ताकि टीका सब से प्रभावी हो।

यदि आपके बच्चे को कोविड-19 है और उसकी दूसरी खुराक लेना बाकी है:

- पहली बार लक्षण विकसित होने या कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण करने के 4 सप्ताह बाद उन्हें टीका लगाया जा सकता है

यदि आपके बच्चे को कोविड-19 है और उसकी तीसरी खुराक लेना बाकी है, यदि वे:

- दूसरी खुराक के 7 दिन से अधिक समय बाद यदि कोविड-19 संक्रमण हुआ है, तो तीसरी खुराक लेने की जरुरत नहीं है
- यदि उन्हें दूसरी खुराक के 7 दिनों के भीतर कोविड-19 संक्रमण हुआ है, तो उन्हें पहली बार लक्षण विकसित होने या कोविड-19 परीक्षण का परिणाम पाज़िटिव आने के 8 सप्ताह बाद तीसरी खुराक लेनी चाहिए

## टीका के दुष्प्रभाव क्या-क्या हैं?

सभी दवाओं की तरह, टीका दुष्प्रभाव पैदा कर सकते हैं। इनमें से अधिकांश हल्के से मध्यम, अल्पकालिक होते हैं, और हर किसी को नहीं होते।

10 में से 1 से अधिक बच्चों में ये **बहुत सामान्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं:**

- चिड़चिड़ापन
- उनींदापन
- कम भूख लगना
- थकान महसूस करना
- आपकी बांह में कोमलता या सूजन जहां आपको टीका लगाया गया था
- लालिमा जहां टीका दिया गया था
- सिरदर्द
- मांसपेशियों में दर्द
- जोड़ों का दर्द
- दस्त
- बुखार (38 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक का तापमान) या ठंड लगना

10 में से 1 बच्चे में **सामान्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं:**

- दाने (6 से 23 महीने)
- जी मिचलाना
- उल्टी

100 में से 1 बच्चे में **असामान्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं:**

- खुजली जहां टीका दिया गया था
- साधारण खुजली
- लसीका ग्रंथियों की सूजन
- नींद न आना
- बहुत ज़्यादा पसीना आना
- रात को पसीना आना
- ऊर्जा की कमी, सुस्ती या अस्वस्थ महसूस करना
- जिस हाथ में आपको टीका लगाया गया उसमे दर्द

1,000 में से 1 बच्चे को ये **दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते हैं:**

- चेहरे का एक तरफ का अस्थायी रूप से गिरना
- एलर्जी की प्रतिक्रिया जैसे पित्ती या चेहरे की सूजन

10,000 में से 1 बच्चे को ये **बहुत दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते हैं:**

- मायोकार्डिटिस और पेरिकार्डिटिस

अन्य देशों के शुरुआती आंकड़ों से पता चलता है कि 12 से 15 वर्ष की आयु के लोगों में 16 से 24 वर्ष की आयु के लोगों की तुलना में मायोकार्डिटिस होने की संभावना कम है। 6 माह से 4 साल की उम्र के बच्चों में मायोकार्डिटिस बहुत दुर्लभ है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, इस आयु वर्ग के बच्चों को mRNA टीकों की दस लाख से अधिक खुराकें दी गई हैं। इन बच्चों में मायोकार्डिटिस देखने को नहीं मिला है। हम अभी भी इस आयु वर्ग में कोविड-19 टीकों की प्रभावशीलता एवं दुष्प्रभावों के बारे में सीख रहे हैं।

मायोकार्डिटिस और पेरीकार्डिटिस दिल की सूजन की स्थिति हैं। इन बहुत ही दुर्लभ स्थितियों का जोखिम युवा पुरुषों में अधिक होता है। दूसरी खुराक लेने के बाद इन स्थितियों के होने की अधिक संभावना है और ज्यादातर टीका लेने के 14 दिनों के भीतर होती हैं।

दो यूरोपीय अध्ययनों ने टीके की दूसरी खुराक के बाद मायोकार्डिटिस के जोखिम का अनुमान लगाया है:

- 12 से 29 वर्ष में प्रत्येक 38,000 पुरुषों के लिए एक अतिरिक्त मामला (7 दिनों के भीतर)।
- 16 से 24 वर्ष में प्रत्येक 17,500 पुरुषों के लिए एक अतिरिक्त मामला (28 दिनों के भीतर)।

अधिकांश लोग अपने आप या सहायक उपचार से ठीक हो जाते हैं लेकिन उन्हें अस्पताल में देखभाल की आवश्यकता होगी। हम अभी तक नहीं जानते हैं कि इन दुष्प्रभावों के कारण कोई दीर्घकालिक समस्या है या नहीं।

यह अभी तक ज्ञात नहीं है कि यह टीका प्राप्त करने वाले कितने लोगों को इन दुष्प्रभावों का अनुभव होगा, लेकिन उन्हें **अत्यंत दुर्लभ माना जाता है:**

- एक गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया। आपको टीका लगाने वाले को गंभीर एलर्जी प्रतिक्रियाओं के इलाज के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।
- एरिथेमा मल्टीफॉर्म, एक त्वचा प्रतिक्रिया जो त्वचा पर लाल धब्बे या पैच का कारण बनती है जो एक लक्ष्य या "बुल्स-आई" की तरह दिख सकती है जिसमें फिके लाल रंग के छल्ले से घिरे गहरे लाल केंद्र होते हैं
- हाथ (या पैर) की व्यापक सूजन जहां टीका दिया गया था
- झुनझुनी या चुभन महसूस होना, या शरीर के किसी हिस्से में स्पर्श के एहसास की कमी

कोविड-19 टीका उन्हीं क्लिनिकल ट्रायल और सुरक्षा जांच से गुजरी है जिनसे अन्य सभी लाइसेंस प्राप्त टीका गुजरते हैं, हालांकि यह टीका नई है और दीर्घकालिक दुष्प्रभाव की जानकारी सीमित है।

जैसे ही आयरलैंड और दुनिया भर में ज्यादा लोगों को यह टीका दिया जाता है, दुष्प्रभाव की अधिक जानकारी उपलब्ध हो पाएगी। HSE हमारी वेबसाइट पर नियमित रूप से इस जानकारी को अपडेट करेगा, और यदि आवश्यक हो, तो लोगों को टीके की पहली या दूसरी खुराक हेतु एप्वाइंटमेंट लेने के समय दिए गए इनफॉर्मेशन लीफलेट को अपडेट करेगा।

## मायोकार्डिटिस और पेरीकार्डिटिस के लक्षण

बहुत कम ही लोगों को कॉमिरनेटी (फाईजर/ BioNTech) टीका लगवाने के बाद मायोकार्डिटिस और पेरीकार्डिटिस हो सकता है। मायोकार्डिटिस और पेरीकार्डिटिस दिल की सूजन की स्थिति हैं।

आपको अपने बच्चे में कौन से संकेतों को देखना है यह पता होना चाहिए। यदि आपके बच्चे को टीका लगाने के बाद इनमें से कोई भी लक्षण मिले तो चिकित्सकीय सहायता लें:

- सांस फूलना
- धड़कन (जोर से दिल की धड़कन जो अनियमित हो सकती है)
- सीने में दर्द

छोटे बच्चों में मायोकार्डिटिस के लक्षण अधिक गैर-विशिष्ट हो सकते हैं जिनमें शामिल हैं:

- चिड़चिड़ापन
- उल्टी
- खिलाने में कठिनाई
- तेज और उथली श्वास
- थकान

## क्या कुछ बच्चे ऐसे हैं जिन्हें कोविड-19 का टीका नहीं लगवाना चाहिए?

**हाँ। आपके बच्चे को कॉमिरनेटी (फाईजर/ BioNTech) कोविड-19 टीका नहीं लगाना चाहिए यदि:**

- आपके बच्चे को टीके की किसी भी सामग्री (पॉलीथीन ग्लाइकॉल या PEG सहित) से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया हुई है। सामग्रियों की सूची देखने के लिए **www.hse.ie/covid19vaccinePIL** पर निर्माता का पेशेंट इनफॉर्मेशन लीफलेट पढ़ें।
- आपके बच्चे को फाईजर/BioNTech टीके की पिछली खुराक से गंभीर एलर्जी की प्रतिक्रिया हुई है।
- आपके बच्चे को ट्रोमेटामोल (MRI रेडियोलॉजिकल अध्ययनों में प्रयुक्त कंट्रास्ट डाई में एक घटक) से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया हुई है।

कोविड -19 का टीका लगवाने से पहले आपको अपने बच्चे के डॉक्टर से बात करनी चाहिए, यदि उसे:

- पूर्व में किसी अन्य टीके या दवा के कारण गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया (एनाफिलेक्सिस) हुई थी।
- क्या कोविड-19 टीका की पिछली खुराक के बाद मायोकार्डिटिस या पेरिकार्डिटिस था।

यदि आपके बच्चे को पहले मल्टीसिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम हुआ है, तो वे ठीक होने के बाद और उपचार होने के कम से कम 90 दिनों के बाद, जो भी अधिक हो, उन्हें कोविड -19 टीका दिया जा सकता है।

सावधानी के लिए, यदि आपके बच्चे को हाल ही में मंकीपॉक्स का टीका (इम्वेनेक्स या जिनियोस) लगाया गया है, तो उन्हें मायोकार्डिटिस के अज्ञात जोखिम के कारण अपना कोविड-19 टीका लगा लेने से पहले 4 सप्ताह तक प्रतीक्षा करनी होगी।

इस आयु वर्ग में अन्य टीकों को 14 दिनों के भीतर कोविड-19 टीकों से अंतर रखना चाहिए। इस आयु वर्ग के बच्चों में पूर्व निर्धारित नियमित टीकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

अधिकांश बच्चे सुरक्षित रूप से टीकाकरण प्राप्त करने में सक्षम होंगे। आपके बच्चे को टीका देने वाला व्यक्ति को टीका के लिए अप्वाइंटमेंट के समय आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर देने में प्रसन्नता होगी।

वे आपको आफ्टरकेयर एडवाइस भी देंगे तथा टीका रिकॉर्ड कार्ड भी देंगे जिसमें आपके बच्चे को दिए गए टीके का नाम और बैच नंबर होगा।

# टीका लगवाने के बाद

हम आज आपको आपके बच्चे के टीकाकरण का रिकॉर्ड दे रहे हैं।

कृपया रिकॉर्ड कार्ड को सुरक्षित रखें।

## अगले कुछ दिनों में क्या हो सकता है?

कुछ लोग जिन्होंने टीका लगवाया है जो आज आपके बच्चे को लगवाया है, उन्हें शुरू में सूचीबद्ध कुछ दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इनमें से अधिकांश हल्के से मध्यम और अल्पकालिक हैं।

## टीका के बाद बुखार

टीका लगाने के बाद बुखार होना काफी आम बात है। आमतौर पर, यह टीका लगने के 2 दिनों के भीतर आता है, और यह 2 दिनों में चला जाता है। टीके की दूसरी खुराक के बाद आपके बच्चे को बुखार होने की अधिक संभावना है।

यदि आपके बच्चे को बेचैनी होती है, तो आपको उसे पेरासिटामोल या आइबुप्रोफेन देना चाहिए जैसा कि बॉक्स या लीफलेट पर निर्देशित है। यदि आप अपने बच्चे के बारे में चिंतित हैं, तो कृपया डॉक्टर की सलाह लें।

## टीका को काम करने में कितना समय लगता है?

कोविड-19 वैक्सीन की तीन खुराक लेने के बाद, अधिकांश बच्चों में प्रतिरोधक क्षमता आ जाएगी। अर्थात वे कोविड-19 से सुरक्षित होंगे।

तीसरी खुराक लगने के 7 दिन बाद यह काम करने लगता है।

टीका लगवाने के बावजूद भी आपके बच्चे को कोविड-19 हो सकता है।

## क्या टीका सभी में काम करता है?

दुनिया भर में लाखों लोगों में टीकों का उपयोग किया गया है। इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि कोविड-19 का टीका कोविड-19 होने की जोखिम को बहुत कम करते हैं। वे कोविड-19 से होने वाली मौतों और गंभीर बीमारियों को रोकने में अत्यधिक प्रभावी हैं।

टीका प्रत्येक व्यक्ति में समान रूप से प्रभावी नहीं होता है और टीका लेने के बाद भी कोविड-19 से संक्रमित होना संभव है। यदि आपके बच्चे का इम्यून सिस्टम कमजोर है, तब भी टीका लेने में कोई अतिरिक्त जोखिम नहीं है, लेकिन यह आपके बच्चे के लिए उतना कारगर नहीं होगा।

## टीका से प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) कितने समय तक बनी रहती है?

हम अभी तक नहीं जानते हैं कि प्रतिरक्षा कितने समय तक बनी रहेगी। इसका पता लगाने के लिए क्लिनिकल परीक्षण जारी हैं।

## जब मेरे बच्चे को टीका लगाया जाएगा, तो क्या इसका मतलब यह है कि वह दूसरों को कोविड-19 नहीं फैलाएगा?

हम अभी तक नहीं जानते हैं कि क्या टीका लगाने से लोगों को कोविड-19 विषाणु को दूसरों तक फैलाने से रोकता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी इस विषाणु के प्रसार को रोकने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सलाह का पालन करना जारी रखें।

## क्या मेरे बच्चे को कोविड-19 टीका और अन्य टीके लग सकते हैं?

सावधानी के लिए, यदि आपके बच्चे को हाल ही में मंकीपॉक्स का टीका (इम्वेनेक्स या जिनियोस) लगाया गया है, तो उन्हें मायोकार्डिटिस के अज्ञात जोखिम के कारण अपना कोविड-19 टीका लगा लेने से पहले 4 सप्ताह तक प्रतीक्षा करनी होगी।

अन्य टीकों को 14 दिनों के भीतर कोविड-19 टीकों से अंतर रखना चाहिए। कोविड-19 टीकों की जगह बच्चों को दी जाने वाली शुरुआती टीकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## आपके बच्चे के टीकाकरण के लिए सहमति

प्रत्येक बच्चे के टीकाकरण के लिए माता-पिता या कानूनी अभिभावक को सहमति देने के लिए कहा जाएगा।

टीका के लिए सहमति देने या न देने के आपके निर्णय का सम्मान किया जाएगा। आपकी पसंद जानने में निम्नलिखित सारांश तालिका आपके लिए उपयोगी हो सकती है।

| अपने बच्चे को टीका लगवाने पर सोंचे यदि: | जरा सोचिये कि आपके बच्चे ने टीका नहीं लगाया है, या अधिक जानकारी उपलब्ध होने तक प्रतीक्षारत हैं, यदि: |
|---|---|
| • आपके बच्चे की एक अंतर्निहित चिकित्सा स्थिति है जो उन्हें गंभीर कोविड-19 के उच्च जोखिम में डालती है।<br>• आपका बच्चा एक ऐसे बच्चे या वयस्क के साथ रहता है जिसे गंभीर कोविड-19 का उच्च जोखिम है।<br>• आप अपने बच्चे के लिए गंभीर कोविड-19, मल्टीसिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम, या 'लॉन्ग कोविड' की अत्यंत दुर्लभ संभावना के खिलाफ सुरक्षा बढ़ाना चाहते हैं। | • आप टीकाकरण से मायोकार्डिटिस और पेरिकार्डिटिस के बहुत दुर्लभ दुष्प्रभाव को जोखिम में नहीं डालना चाहते हैं।<br>• आप बच्चों में मल्टीसिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम और कोविड-19 के जोखिम के बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध होने की प्रतीक्षा करना चाहते हैं।<br>• आप बच्चों और युवाओं में टीकों के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध होने की प्रतीक्षा करना चाहते हैं। |

| टीका लगवाने के फायदे | टीका के जोखिम |
|---|---|
| • कोविड-19 से सुरक्षा।<br>• उन बच्चों के लिए सुरक्षा जिनकी स्वास्थ्य स्थितियाँ उन्हें गंभीर कोविड-19 के उच्च जोखिम में डालती हैं।<br>• गंभीर कोविड-19 से स्वस्थ बच्चों की सुरक्षा – हालांकि इस आयु वर्ग में ऐसा बहुत कम होता है। कोविड-19 के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने का जोखिम कम है, और किसी भी बच्चे को गहन देखभाल में उपचार की जरूरत बहुत कम है।<br>• कोविड-19 से सुरक्षा, और कोविड-19 से जटिलताएं जैसे 'लॉन्ग कोविड ' और बच्चों में मल्टीसिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम।<br>• दूसरों को कोविड-19 के प्रसार को रोकने में मदद कर सकता है। यह अत्यंत जरूरी है कि यदि बच्चे और युवा एक भाई-बहन या एक वयस्क के साथ रह रहे हैं जिन्हें गंभीर कोविड-19 होने का खतरा है। | • हाथ में दर्द, बुखार या थकान जैसे अल्पकालिक दुष्प्रभाव।<br>• लगभग 100,000 लोगों में से 1 का गंभीर दुष्प्रभाव हो सकता है, जैसे कि टीके से एलर्जी की प्रतिक्रिया।<br>• बहुत कम ही कुछ लोग में टीकाकरण के बाद हृदय (मायोकार्डिटिस) और हृदय की बाहरी परत (पेरिकार्डिटिस) में सूजन देखी गई हैं। ज्यादातर लोग मायोकार्डिटिस और पेरीकार्डिटिस से ठीक हो जाते हैं लेकिन उन्हें अस्पताल में इलाज की आवश्यकता हो सकती है।<br>• हमें अभी तक बच्चों में कोविड-19 टीकों के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में जानकारी नहीं है। |

## अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए निर्माता का पेशेंट इनफॉर्मेशन लीफलेट पढ़ें। यह आपके लिए उस दिन प्रिंट किया जाएगा जिस दिन आपके बच्चे को टीका लग जाएगा, या आप इसे **www.hse.ie/covid19vaccinePIL** पर देख सकते हैं।

आप किसी पेशेवर स्वास्थ्यकर्मी से भी बात कर सकते हैं जैसे- आपका डॉक्टर (GP), फार्मासिस्ट या हेल्थकेयर टीम।

आप HSE की वेबसाइट **www.hse.ie/covid19vaccine** पर भी जा सकते हैं या HSELive को 1800 700 700 पर कॉल कर सकते हैं।

कोविड-19 वैक्सीन के बारे में अधिक जानकारी के लिए, सुलभ और अनुवादित सामग्री सहित, **www.hse.ie/covid19vaccinematerials** पर जाएं

## मैं दुष्प्रभावों की रिपोर्ट कैसे करूं?

जैसा की हर टीका में होता है, आप संदिग्ध दुष्प्रभावों को हेल्थ प्रोडक्ट रेग्युलेटरी ऑथिरिटी (HPRA) को रिपोर्ट कर सकते हैं।

HPRA दवाइयों, चिकित्सा उपकरणों और अन्य स्वास्थ्य उत्पादों के लिए आयरलैंड गणराज्य में नियामक प्राधिकरण है। दवाओं की सुरक्षा निगरानी में अपनी भूमिका के रूप में, HPRA एक ऐसी प्रणाली संचालित करता है जिसके माध्यम से स्वास्थ्यकर्मी या जनता के सदस्य दवाओं और टीकों से जुड़े किसी भी ऐसे संदिग्ध दुष्प्रभाव की रिपोर्ट कर सकते हैं, जो आयरलैंड में हुई है।

HPRA कोविड-19 टीकों से जुड़े संदिग्ध प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं की रिपोर्टिंग को दृढ़ता से प्रोत्साहित करता है ताकि इसके सुरक्षित और प्रभावी उपयोग की निरंतर निगरानी की जा सके। कोविड-19 टीका पर एक संदिग्ध प्रतिकूल प्रतिक्रिया की जानकारी देने के लिए, कृपया **www.hpra.ie/report** पर जाएं।

आप अपने डॉक्टर या परिवार के किसी सदस्य से भी अपने लिए इस बारे में रिपोर्ट करने के लिए कह सकते हैं। इस बारे में यथासंभव अधिक से अधिक जानकारी साझा की जानी चाहिए, और जहां संभव हो, टीका का बैच नंबर का उल्लेख किया जाना चाहिए।

HPRA व्यक्तिगत मामलों पर क्लिनिकल सलाह नहीं दे सकता है। लोगों को अपने पेशेवर स्वास्थकर्मी (अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट) से चिकित्सा संबंधी चिंताओं के बारे में संपर्क करना चाहिए।

## आपकी व्यक्तिगत जानकारी

टीके को सुरक्षित रूप से लगाने और टीके की निगरानी तथा प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक जानकारी दर्ज करने के लिए, HSE आपके बच्चे की व्यक्तिगत जानकारी को संसाधित करेगा। HSE द्वारा संसाधित सभी जानकारी सामान्य कानूनों और विशेष रूप से सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (GDPR) के अनुसार होगी जो 2018 में लागू हुई थी।

आपके बच्चे के डेटा का प्रसंस्करण वैध और निष्पक्ष होगा। यह केवल टीकाकरण के प्रबंधन के विशिष्ट उद्देश्य के लिए संसाधित किया जाएगा। डेटा न्यूनतमकरण का सिद्धांत लागू किया गया है। इसका मतलब है कि केवल वही डेटा रिकॉर्ड किया जा रहा है जो आपके बच्चे की पहचान करने, अप्वाइंटमेंट बुक करने, उनके टीकाकरण को रिकॉर्ड करने और इसके प्रभावों की निगरानी के लिए आवश्यक है।

आपके बच्चे के संसाधित किए गए व्यक्तिगत डेटा के संबंध में आपके पास GDPR के तहत निम्नलिखित अधिकार हैं।

- अपने बच्चे के व्यक्तिगत डेटा (आमतौर पर 'डेटा सब्जेक्ट एक्सेस रिक्वेस्ट के नाम से जाना जाता है) पर जानकारी और पहुँच का अनुरोध करें। यह आपको (बच्चे के माता-पिता या कानूनी अभिभावक) को आपके बच्चे के बारे में हमारे पास मौजूद व्यक्तिगत डेटा की एक प्रति प्राप्त करने और यह जांचने में सक्षम बनाता है कि हम इसे कानूनी रूप से संसाधित कर रहे हैं या नहीं।
- आपके बच्चे के बारे में हमारे पास मौजूद व्यक्तिगत डेटा में सुधार का अनुरोध करें। यह आपको आपके बच्चे के बारे में हमारे पास मौजूद किसी भी अधूरी या गलत जानकारी को ठीक करने में सक्षम बनाता है।
- अपने बच्चे के व्यक्तिगत डेटा को मिटाने का अनुरोध करें। यह आपको हमें आपके बच्चे के व्यक्तिगत डेटा को डिलीट करने या हटाने के लिए कहने में सक्षम बनाता है जहां हमारे द्वारा इसे संसाधित करना जारी रखने का कोई अच्छा कारण नहीं है। आपको हमें अपने बच्चे की व्यक्तिगत जानकारी को डिलीट करने या हटाने के लिए कहने का भी अधिकार है, जहां आपने प्रसंस्करण पर आपत्ति करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है।
- आपके व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण पर आपत्ति।

अधिक जानकारी यहां उपलब्ध है **www.hse.ie/eng/gdpr**

**बच्चों के लिए संसाधन** सेक्शन में *गेटिंग माई कोविड-19* वैक्सीन नामक HSE कॉमिक स्ट्रिप खोजने के लिए QR कोड को स्कैन करें। कॉमिक बड़े बच्चों को तैयार करने में उपयोगी हो सकता है जब वे अपना कोविड-19 टीका लेने जाते हैं तो क्या उम्मीद की जाए।

COVID-19 VACCINE
Public Health Advice

HSE द्वारा 8 मई 2023 को प्रकाशित

सबसे नवीनतम जानकारी के लिए
**www.hse.ie** पर जाएँ

Rialtas na hÉireann
Government of Ireland